PUBLICATION NAME :	Everyday News
EDITION :	Lucknow
DATE :	08/08/2023
PAGE :	08

एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (ईडीआईआई) का 22वां दीक्षांत समारोह संपन्न

लखनऊ। भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय द्वारा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की मान्यता प्राप्त एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (ईडीआईआई), अहमदाबाद ने शुक्रवार को अपना 22वां दीक्षांत समारोह आयोजित किया। समारोह में 54 विद्यार्थियों को डिप्लोमा और फेलो प्रदान किए गए, जिनमें 52 स्नातकोत्तर डिप्लोमा और प्रबंधन में दो फेलो शामिल थे। भव्य समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में तमिलनाडु के रायपाल आरएन रवि शामिल हुए।